राजस्थान विश्वविद्यालय, जयपुर

जवाहर लाल नेहरू मार्ग, जयपुर 302004
Phone no. 2708824, PBX No. 2711070 Fax no. 91.0141.2701367
वेब साइट –: www. uniraj. ac. in (CE office)

क्रमांक– प.नि./2026/794 दिनांक: 5.6.2026

समस्त प्राचार्य/प्राचार्या/विभागाध्यक्ष
संघटक/सम्बद्ध महाविद्यालय/परीक्षा आवेदन पत्र संग्रहण केन्द्र,
राजस्थान विश्वविद्यालय, जयपुर।

विषयः– राष्ट्रीय शिक्षा नीति–2020 के अन्तर्गत प्रवेशित विद्यार्थियों के इंटर्नशिप के संबंध में।

[●]दय/महोदया,

राष्ट्रीय शिक्षा नीति–2020 के अन्तर्गत प्रवेशित विद्यार्थियों को पंचम् एवं षष्ठम् सेमेस्टर में 120 घंटे की इंटर्नशिप की प्रक्रिया पूर्ण करना अनिवार्य है। इंटर्नशिप का उद्देश्य विद्यार्थियों में कौशल एवं रोजगारोन्मुखी दक्षताओं को विकसित करना है। इस संबंध में विश्वविद्यालय द्वारा जारी अधिसूचना संख्या– 35, 38, परिपत्र संख्या– परीक्षा 4–अ/ब/2026/1289 दिनांक 02.05.2026 एवं परीक्षा 4–अ/ब/2026/2080 दिनांक 05.06.2026 का पूर्ण अवलोकन कर निर्धारित दिशा–निर्देशों की पालना सुनिश्चित करें।

महाविद्यालय द्वारा विद्यार्थियों को जिन संस्थानों में इंटर्नशिप हेतु भेजा जा रहा है, उसकी प्रमाणिकता महाविद्यालय स्तर पर विश्वविद्यालय द्वारा निर्धारित मापदण्डों के मद्देनजर रखते हुए सुनिश्चित करना आवश्यक है। इंटर्नशिप को पारदर्शी एवं सुचितापूर्ण ढंग से पूर्ण करने में किसी भी प्रकार की लापरवाही अथवा निर्धारित नियमों का[●]पालन किए बिना फर्जी इंटर्नशिप प्रमाण–पत्र जारी करने पर महाविद्यालय/इंटर्नशिप जारीकर्ता संस्था/संबंधित विद्यार्थी के विरूद्ध सख्त कार्यवाही की जायेगी।

05.06.26
परीक्षा नियंत्रक